
इटली में नौकरी दिलाने के नाम पर 16.50 लाख ऐंठे

हर महीने 2 से 3 लाख रुपए सैलरी मिलने का दिया था लालच, पीड़ित ने पैसे मांगे तो दी धमकी

सीकर ,वेब वार्ता । में विदेश में नौकरी कर हर महीने 2 से 3 लाख रुपए कमाने का सपना दिखाकर एक युवक से 16.50 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी ने पीड़ित को इटली में नौकरी दिलाने का लालच दिया था। इतना ही नहीं पीड़ित युवक को इटली भेज भी दिया, लेकिन वहां कोई नौकरी नहीं मिली।

जब पीड़ित ने रकम वापस मांगी तो आरोपी ने उसे धमकी देते हुए मना कर दिया। विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर हुई इस ठगी के मामले में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सीकर के फकीरपुरा निवासी सुधीर कुमार ने कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि 19 फरवरी 2025 को मैंने अपने दोस्त राजकुमार से इटली में नौकरी लगवाने के लिए कहा। तब राजकुमार ने अपने साले विनोद सैनी के बारे में बताया और नंबर देते हुए कहा कि इनसे बात कर लेना। इसके बाद 24 फरवरी को



मेरी विनोद से बातचीत होना शुरू हुई। तब विनोद ने बताया कि 3 साल का वर्क परमिट है। 8 घंटे नौकरी के बदले हर महीने 2 से 3 लाख रुपए मिलेंगे।

विदेश भेजने के बदले विनोद ने 16.50 लाख रुपए मांगे और कहा कि गारंटी से परमानेंट काम दिलवा दूंगा। इसके बाद मैंने विनोद को अलग-अलग खातों में 16.50 लाख रुपए दे दिए।

किराए के घर में बना दी ड्रग्स की लैब, नोएडा में पकड़ा गया करोड़ों का नशीला कारोबार

नई दिल्ली,वेब वार्ता । नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के जहांनाबाद कादलपुर गांव में नशीले पदार्थ बनाने वाली दो अवैध लैब का भंडाफोड़ किया है। टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने शनिवार को इस मामले की



जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई। दोनों लैब किराये की जगहों पर चल रही थीं, जहां सिंथेटिक ड्रग्स बनाने और उनकी प्रोसेसिंग का काम किया जा रहा था। कार्रवाई में 379.740 किलो एम्फेटामिन युक्त सामग्री और 10 किलो स्यूडोएफेड्रिन बरामद किया गया। जब्त सामग्री से करीब 56 किलो तैयार क्रिस्टलीय एम्फेटामिन बनायी जा सकती थी, जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत करीब 45 करोड़ रुपये है।

बड़ी मात्रा में केमिकल भी बरामद: मिली जानकारी के अनुसार, बरामद एम्फेटामिन युक्त सामग्री में 4.260 किलो क्रिस्टलीय, 157.700 किलो अर्ध-क्रिस्टलीय और 217.780 किलो तरल पदार्थ शामिल है। इसके अलावा, लैब से हाइड्रोक्लोरिक एसिड, एसीटोन, मात्रा में रसायन भी मिले हैं।

कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील उज्ज्वल निकम केतन मर्डर केस की करेंगे पैरवी

पिंपरी चिंचवड,वेब वार्ता । पुणे जिले के मावल तालुका के लोहागढ़ में हुए केतन अग्रवाल के हाई-प्रोफाइल मर्डर केस में सीनियर वकील उज्ज्वल निकम को स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अपॉइंट किया गया है. केतन की सगाई सिया गोयल से हुई थी. अग्रवाल परिवार दोषियों को कड़ी सजा दिलाने और कोर्ट में अभियोजन का केस अच्छे से पेश करने की वकालत कर रहा था. उनकी कोशिशें अब रंग लाई है, क्योंकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आधिकारिक रूप से नियुक्ति पत्र पर साइन कर दिए हैं. अग्रवाल परिवार ने मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात की थी और सीनियर वकील उज्ज्वल निकम को स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अपॉइंट करने की रिक्वेस्ट की थी. परिवार को सकारात्मक नतीजे की उम्मीद थी, लेकिन टेक्निकल



वजहों से आधिकारिक रूप से नियुक्ति पत्र पर साइन करने में देरी हुई. अग्रवाल परिवार दो दिन पहले एक बार फिर फडणवीस से मिला ताकि यह पक्का हो सके कि नियुक्ति औपचारिक रूप से सुनिश्चित हो जाए. इस मीटिंग के दौरान स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अपॉइंट करने का मामला एक बार फिर उठाया गया. इसके बाद मुख्यमंत्री ने आधिकारिक रूप से नियुक्ति पत्र पर साइन कर दिए, जिससे उज्ज्वल निकम की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया. वकील उज्ज्वल निकम को मुंबई 26/11 के आतंकवादी अजमल कसाब के खिलाफ एक मजबूत केस बनाने का क्रेडिट दिया जाता है, जिसके बाद कसाब को सजा हुई और फांसी पर लटका दिया गया. इसके साथ ही बॉलीवुड स्टार संजय दत्त और दिवंगत सिंगर गुलशन कुमार के केस को लेकर भी चर्चा में रहे. उज्ज्वल निकम एक जाने-माने सीनियर वकील हैं, जो देश भर में कई हाई-प्रोफाइल और सेंसिटिव केस में प्रॉसिक्यूशन का केस लड़ने के लिए जाने जाते हैं. अग्रवाल परिवार को उम्मीद है कि उनका अनुभव इस केस में काम आएगा. उन्हें उम्मीद है कि इस अपॉइंटमेंट से यह पक्का होगा कि सुनवाई के दौरान प्रॉसिक्यूशन का पक्ष अच्छे से रखा जाएगा. अपॉइंटमेंट प्रोसेस पूरा होने के बाद अग्रवाल परिवार ने सीएम फडणवीस का शुक्रिया अदा किया.

फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई का आश्वासन: केतन के पिता विशाल अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री फडणवीस ने भी उन्हें भरोसा दिलाया है कि केस फास्ट ट्रैक किया जाएगा. आईएएनएस से बात करते हुए विशाल अग्रवाल ने कहा, '18 जून, 2026 को मेरे बेटे की हत्या के बाद ग्रामीण पुलिस कमिश्नरेट ने मुझे बहुत अच्छा सपोर्ट दिया और केस को अच्छे से संभाला. जांच के बाद मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से एक रिक्वेस्ट की. केतन के पिता ने कहा, 'मामले में चार्जशीट फाइल कर दी गई है. मुझे पूरा भरोसा है कि उज्ज्वल निकम इस केस को बहुत अच्छे से संभालेंगे और सिया और चेतन को मौत की सजा दिलाएंगे।

मौत की सजा से समाज में एक मजबूत संदेश जाएगा

इस बीच विशाल अग्रवाल ने मेरठ में दो अलग-अलग मामलों में हाल ही में आए फैसलों के बारे में भी बात की, जहाँ दोनों आरोपी पत्नियों और उनके प्रेमियों को दोषी ठहराया गया और मौत की सजा सुनाई गई. उन्होंने कहा, 'हालांकि कोई भी चीज परिवारों को उनके बेटों की बेरहमी से हत्या के लिए सही मायने में मुआवजा नहीं दे सकती, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि कोर्ट के फैसलों के बाद, 'न्याय व्यवस्था में लोगों का भरोसा फिर से कायम होगा.' केतन के पिता ने भरोसा जताया कि मौत की सजा के फैसले समाज में एक मजबूत संदेश जाएगा और उन लोगों में डर पैदा होगा जो ऐसे जघन्य अपराध करने के बारे में सोच सकते हैं।

सीकर जिले में 18 साल की युवती के लापता

सीकर, 18 अक्टूबर (वेबवार्ता)। सीकर जिले में 18 साल की युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के घर में रखे 7.50 लाख रुपए और जेवरात भी गायब मिले। परिवार ने एक युवक पर शक जताते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। इसके अलावा जिले में 38 साल की महिला और 23 साल की युवती भी लापता हो गई। 18 साल की युवती लापता,7.50 लाख रुपए गायब 18 साल की लड़की के लापता होने के केस में उसके पिता ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनके घर पर प्लॉट खरीदने के लिए 10 लाख रुपए पड़े थे जिसमें से उन्होंने ढाई लाख तो एग्रीमेंट के लिए दे दिए। लड़के की तबीयत खराब होने पर वह अस्पताल चले गए। पीछे से उनकी 18 साल की बेटी कहीं पर चली गई। जब घर में रखी अलमारी को चेक किया तो उसमें 7.5 लाख रुपए और जेवरात भी गायब मिले। मोहल्ले का एक युवक भी लापता है। अंदेशा है कि वह युवक ही 18 साल की युवती को अपने साथ ले गया। बैंक में पैसे जमा करवाने गई महिला लापता 38 साल की महिला के लापता होने के केस में उसके पति ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी पत्नी 14 अक्टूबर को अपनी मां और भतीजा-भतीजी के साथ बैंक में पैसे जमा करवाने के लिए गई थी। पत्नी ने अपनी मां और भतीजे-भतीजी को तो एक दुकान पर छोड़ दिया और खुद बैंक में पैसे जमा करवाने के लिए चली गई। लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद जब पत्नी की मां बैंक गई तो वहां पर पत्नी नहीं मिली।

महाराष्ट्र-मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फॉर्म-6 में बदलाव का प्रस्ताव भेजा

▸▸ कहा- ये न पूछा जाए कि पहली बार नाम जुड़वा रहे

▸▸ लोग इससे डर रहे

मुंबई,वेब वार्ता । महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फॉर्म-6 में बदलाव का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा है। इससे स्क्र में हटे वोटर दोबारा नाम जुड़वा सकेंगे। प्रस्ताव में कहा गया है कि जो लोग वोटर लिस्ट में दोबारा नाम जुड़वाना चाहते हैं, ऐसे वोटरों से पहली बार वोटर बनने की घोषणा न कराई जाए। क्योंकि झूठी घोषणा पर एक साल तक जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि लोग इससे डर रहे हैं। कई बीएलओ ने भी इस बात की शिकायत की है। यह प्रस्ताव पिछले हफ्ते भेजा गया। महाराष्ट्र में एसएसआर अभी चल रहा है। यहां ड्राफ्ट रोल से हटे पुराने वोटरों को भी स्नश्नह्द्ब-6 से नाम जुड़वाने को कहा जा रहा है।



फॉर्म-6 में पहली बार वोटर होने की घोषणा: फॉर्म-6 में अभी ये बताना होता है कि वह पहली बार मतदाता सूची में नाम जुड़वा रहा है। फॉर्म में ये जानकारी देनी की बात पहली बार जोड़ी गई है। फॉर्म में यह भी घोषित करना होता है कि उसका नाम किसी विधानसभा या लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल नहीं है। फर्जी घोषणा करने पर जनप्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा 31 के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसमें एक साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

पहले भी हो चुका फॉर्म-6 में बदलाव: चुनाव आयोग ने 10 अक्टूबर को एसआईआर पूरा हो चुके राज्यों में फॉर्म-6 में बड़ा बदलाव किया था। अब स्क्र में नाम कटने के बाद दोबारा नाम जुड़वाने के लिए 2003 की वोटर लिस्ट की जानकारी नहीं देनी होगी। आवेदक को यह बताने की जरूरत नहीं होगी कि उसका, माता-पिता या दादा-दादी का नाम उस लिस्ट में था या नहीं। फॉर्म-6 से इससे जुड़ा अतिरिक्त घोषणा-पत्र हटा दिया गया है।

एमपी-यूपी सहित 17 राज्यों-यूटी में वोटर लिस्ट अपडेट होगी: चुनाव आयोग ने गुरुवार को 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने का निर्देश दिया है। इनमें मध्यप्रदेश, यूपी, पंजाब , गोवा और उत्तराखंड भी शामिल हैं, यहां अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। यह आदेश ऐसे समय आया है, जब स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर विपक्ष देशभर में विरोध-प्रदर्शन कर रहा है और मामला सुप्रीम कोर्ट में है। एसएसआर के तहत वोटर लिस्ट में नए नाम जोड़े जाएंगे और पहले से दर्ज जानकारी में गलतियां सुधारी जाएंगी। 2027 में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवा भी नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। नाम जोड़ने, हटाने की जानकारी राजनीतिक दलों को दी जाएगी।

एसआईआरविवाद बिहार से शुरू हुआ, अब विपक्ष ने मुद्दा बनाया

एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर विवाद 24 जून 2025 को शुरू हुआ, जब चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश दिया। आयोग का कहना था कि इसका उद्देश्य वोटर लिस्ट को दुरुस्त करना और पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करना है, लेकिन विपक्ष ने आरोप लगाया कि दस्तावेजों की शर्तों और कम समय के कारण बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम भी कट सकते हैं। अगस्त 2025 में बिहार की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से करीब 65 लाख नाम बाहर होने के बाद विवाद और बढ़ा। इसके बाद एसआईआर दूसरे राज्यों तक पहुंचा और नागरिकता की जांच, पुराने रिकॉर्ड की अनिवार्यता, नाम हटाने की प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग की शक्तियों को लेकर सवाल उठे। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जिसने 27 मई 2026 को बिहार में स्क्रकराने के चुनाव आयोग के अधिकार को बरकरार रखा। सितंबर-अक्टूबर 2026 में फॉर्म-6 में स्क्रसे जुड़ी अतिरिक्त घोषणा और आयोग के भीतर कथित असहमतियों को लेकर नया विवाद खड़ा हुआ। अब चुनाव आयोग ने स्क्रपूरा कर चुके 20 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में छूटे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा है।

इटली में नौकरी दिलाने के नाम पर 16.50 लाख ऐंठे

सीकर, 18 अक्टूबर (वेबवार्ता)। सीकर में विदेश में नौकरी कर हर महीने 2 से 3 लाख रुपए कमाने का सपना दिखाकर एक युवक से 16.50 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी ने पीड़ित को इटली में नौकरी दिलाने का लालच दिया था। इतना ही नहीं पीड़ित युवक को इटली भेज भी दिया, लेकिन वहां कोई नौकरी नहीं मिली। जब पीड़ित ने रकम वापस मांगी तो आरोपी ने उसे धमकी देते हुए मना कर दिया। विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर हुई इस ठगी के मामले में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी ने इटली भेजा सीकर के फकीरपुरा निवासी सुधीर कुमार ने कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि 19 फरवरी 2025 को मैंने अपने दोस्त राजकुमार से इटली में नौकरी लगवाने के लिए कहा। तब राजकुमार ने अपने साले विनोद सैनी के बारे में बताया और नंबर देते हुए कहा कि इनसे बात कर लेना। इसके बाद 24 फरवरी को मेरी विनोद से बातचीत होना शुरू हुई। तब विनोद ने बताया कि 3 साल का वर्क परमिट है। 8 घंटे नौकरी के बदले हर महीने 2 से 3 लाख रुपए मिलेंगे। इटली पहुंचकर बीमार पड़ गया पीड़ित विदेश भेजने के बदले विनोद ने 16.50 लाख रुपए मांगे और कहा कि गारंटी से परमानेंट काम दिलवा दूंगा। इसके बाद मैंने विनोद को अलग-अलग खातों में 16.50 लाख रुपए दे दिए। फिर 9 दिसंबर 2025 को दिल्ली से रोम इटली की टिकट मुझे भेज दी गई। इटली पहुंचने के बाद मुझे सनफोका में रखा गया और फिर वहां से मेरिनी भेज दिया गया। वहां पर मुझे इटालियन पुलिस की जांच का सामना करना पड़ा। फिर विनोद ने जून 2026 में कहा कि अब तुम अपनी व्यवस्था खुद करो। इटली में रहने के चलते मैं बीमार पड़ गया। जब इस बारे में मैंने विनोद को कहा तो उसने कहा कि वह कुछ नहीं कर सकता। इसके बाद मैं वापस इंडिया आ गया और सीकर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में अपना ट्रीटमेंट लिया। आरोपी ने रुपए लौटाने से किया मना रिपोर्ट के मुताबिक, 29 सितंबर को विनोद सीकर आया हुआ था। जब सुधीर कुमार उलाहना देने के लिए घर पर गया।

कोटा बस हादसा - घायलों से अस्पताल में मिले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, बेहतर उपचार के दिए निर्देश

कोटा,वेब वार्ता । कोटा में शनिवार की सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए दर्दनाक बस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। घायलों को न्यू मेडिकल कॉलेज और एबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान कलेक्टर पीयूष समारिया, आईजी हरेंद्र महावर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ओम बिड़ला ने अस्पताल के प्राचार्य को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए पुख्ता कदम उठाए जाएंगे। ओम बिड़ला ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'पूरी घटना की जांच की जा रही है और इसके नतीजों की समीक्षा की जाएगी। एक टीम लगातार सड़क सुरक्षा उपायों का अध्ययन कर रही है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक कदम उठाए जा सकें, चाहे वह



दिल्ली-मुंबई हाईवे हो या अन्य सड़कें। टीम ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। टीम की अंतिम बैठक नवंबर में होगी। इसके बाद एनएचआई, आंतरिक और पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर चिह्नित दुर्घटना के प्वाइंट (ब्लैक स्पॉट) को ठीक कराया जाएगा। दुर्घटना चिह्नित स्थानों पर विशेष देखभाल की जाएगी, जिससे हादसे न होने पाएं।' ओम बिड़ला ने कहा, 'हादसा दुखद और पीड़ादायक है। घायलों के इलाज में किसी भी तरह की कोताही बरती नहीं जाएगी। भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।' बता दें कि कोटा के सिमलिया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे एक मिनी बस भोपाल से खाटूश्याम जा रही थी। इसी दौरान एक्सप्रेसवे पर मिनी बस अनियंत्रित हो गई और एक नाले के ऊपर बने पुल से जा टकराई। इसके बाद मिनी बस करीब 15 फीट की ऊंचाई से जा गिरी। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस टीमों ने सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल के लिए भेजा और शवों को अपने कब्जे में लिया। कोटा ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा ने बताया कि दुर्घटना में करीब 8 लोगों की मौत हो गई है और 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। भोपाल से कुछ यात्री मिनी बस में खाटूश्याम की यात्रा करने के लिए जा रहे थे। सभी लोग अलग-अलग परिवारों से हैं, लेकिन वे सभी एक-दूसरे को जानते हैं।

मायावती का एलान: अब आकाश आनंद के जिम्मे होंगी जनसभाएं-सम्मेलन

ईशान को दी गई दिल्ली की जिम्मेवारी

लखनऊ,वेब वार्ता । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पार्टी संगठन और आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक विस्तृत बयान जारी किया है। उन्होंने बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की परिपक्वता और मेहनत की सराहना करते हुए उनके आगामी जनसभा कार्यक्रमों की सूची जारी की है, जबकि उनके रिश्तेदार अशोक सिद्धार्थ की पार्टी में वापसी की सभी संभावनाओं को



सिरे से खारिज कर दिया है। इसके अलावा, उन्होंने अपने दूसरे भतीजे ईशान आनंद की भी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में सक्रिय भूमिका की घोषणा की है।

आकाश आनंद की राजनीतिक सूझबूझ की सराहना: मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ द्वारा राजनीति से संन्यास लेने के बाद, बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद काफी सूझबूझ और परिपक्वता (मैच्योरिटी) का परिचय दे रहे हैं। वे परिवार और रिश्ते-नातों से ऊपर उठकर बसपा पार्टी व मूवमेंट के कार्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत से निभा रहे हैं।

अशोक सिद्धार्थ की वापसी पर पूर्ण विराम

मायावती ने स्पष्ट किया कि पिछले दिनों हुए अप्रिय घटनाक्रमों के लिए आकाश आनंद कम और उनके रिश्तेदार अशोक सिद्धार्थ ज्यादा जिम्मेदार थे। इसी वजह से अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से बाहर कर राजनीति से संन्यास लेने की सलाह दी गई थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सतर्क करते हुए कहा कि इन अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें कि अशोक सिद्धार्थ को दोबारा पार्टी में लिया जाएगा। उन्हें अब किसी भी स्थिति या कीमत पर बसपा में वापस नही लिया जाएगा। मायावती ने बताया कि आनंद कुमार के छोटे बेटे ईशान आनंद, जिन्होंने अपनी वकालत (लॉ) की पढ़ाई लंदन से पूरी की है, अब बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा-निर्देशन में एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे। वे दिल्ली स्थित बसपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के चुनाव और कागजी कामकाज (पेपरवर्क) से

नमो भारत स्टेशन तक पहुंचने में छूट रहे यात्रियों के पसीने

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के न्यू अशोक नगर स्टेशन से यात्रियों को तेज रफ्तार सफर की सुविधा मिल रही है, लेकिन स्टेशन तक पहुंचने के रास्ते उनकी परेशानी बढ़ा रहे हैं। कहीं संकरी सड़क पर जाम लगता है तो कहीं नाले की खुदाई के कारण रास्ता बदहाल है। फुटपाथ की कमी और गेट नंबर दो तक पहुंचने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं होने से भी यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन के गेट नंबर एक की ओर जाने वाले रास्ते पर सबसे ज्यादा परेशानी है। नोएडा की तरफ से आने वाले यात्रियों को मेट्रो स्टेशन के नीचे से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क संकरी होने के कारण वाहनों का दबाव बढ़ने पर जाम लग जाता है। फुटपाथ की उचित व्यवस्था नहीं होने से पैदल यात्रियों को भी वाहनों के बीच से निकलना पड़ता है। कई लोगों को जाम से बचने के लिए मेट्रो स्टेशन के अंदर से होकर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। वहीं, स्टेशन के पिछले हिस्से में गाजीपुर और कोंडली की ओर जाने वाले रास्ते पर नाले के किनारे खुदाई का काम चल रहा है। इससे सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं।

सफदरजंग अस्पताल में फीटल थेरेपी पर मंथन

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (वेब वार्ता)। वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की ओर से फीटल थेरेपी (गर्भ में पल रहे शिशु का उपचार) विषय पर एक अकादमिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का विषय 'प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिस ऑफ फीटल थेरेपी' था। बैठक में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के 80 प्रतिनिधियों और फीटल मेडिसिन के कई जाने-माने राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य, उसकी बीमारियों की पहचान और उपचार से जुड़े विषयों पर चर्चा।

महापौर प्रवेश वाही ने यमुना सफाई अभियान में किया श्रमदान

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर वजीराबाद स्थित राम घाट पर आयोजित यमुना सफाई अभियान में श्रमदान किया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। महापौर ने बताया कि दिल्ली के 70 घाटों पर नागरिकों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। नोएडा की तरफ से आने वाले यात्रियों को मेट्रो स्टेशन के नीचे से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क संकरी होने के कारण वाहनों का दबाव बढ़ने पर जाम लग जाता है। फुटपाथ की उचित व्यवस्था नहीं होने से पैदल यात्रियों को भी वाहनों के बीच से निकलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यमुना को स्थायी रूप से स्वच्छ बनाने के लिए केवल विशेष अभियानों तक सीमित रहने के बजाय प्रतिदिन सफाई और संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि यमुना नदी देश की आस्था, संस्कृति और जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण प्रत्येक दिल्लीवासी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभियान में शामिल स्थानीय निवासियों, स्वयंसेवकों और सफाई कर्मचारियों का आभार जताते हुए।

एचएनजीआईएल की नई भट्ठी शुरू, क्षमता होगी दोगुनी

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (वेब वार्ता)। नेशनल ग्लास एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एचएनजीआईएल) ने बहादुरगढ़ स्थित अपने संयंत्र में नई भट्ठी संख्या 4 चालू कर दी है। संयंत्र के विस्तार पर 280 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे उत्पादन क्षमता 300 टन से बढ़कर 600 टन प्रतिदिन हो जाएगी। कंपनी के अनुसार, परियोजना निर्धारित समय-सीमा में पूरी की गई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक कुमार कृष्णन ने कहा कि निर्धारित समय पर भट्ठी चालू होना बहादुरगढ़ की टीम के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को प्रत्येक चरण में जाँच करने के निर्देश दिए हैं। कुल निवेश में अगले तीन वर्षों के दौरान 180 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय और 100 करोड़ रुपये का परिचालन व्यय शामिल है। कंपनी को इस विस्तार से उत्पादन बढ़ने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होने की भी उम्मीद है।

त्योहारों में दिल्ली की सड़कों को खुदाई और अतिक्रमण से मुक्त करे सरकार

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने त्योहारों के मौसम में राजधानी की सड़कों को खुदाई, अतिक्रमण और यातायात जाम से मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़कों की बदहाली और निर्माण कार्यों के कारण बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इंडोस्टार कॅपिटल फायनान्स लिमिटेड
INDOSTAR
पंजीकृत कार्यालयः सिल्व्हर युटोपिया, तिसरा माला, युनिट क्र. ३०१-ए, पी अँड जी प्लाझा के सामने, कार्डिनल ग्रेशियस रोड, चाकला, अंधेरी (पूर्व), मुंबई – ४०००९९.
CIN: L65100MH2009PLC268160 दूरध्वनीः +९१ २२ ४३१५ ७०००
ईमेलः contact@indostarcapital.com वेबसाइटः www.indostarcapital.com

NOTICE

सूचना दी जाती है कि भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ – शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2023 के विनियमन 43 के अनुसार, कंपनी की शाखा कार्यालय, जिसका पता **फर्स्ट फ्लोर, "पुष्पा एन्क्लेव", शॉप नंबर १, अग्रसेन सर्कल का कोना, बागर रोड, झुंझुनू राजस्थान – ३३३००१** पर स्थित है, उसे २२.०१.२०२७ को कामकाज के समय के बाद बंद कर दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए आप उपर्युक्त उल्लेखित निकटतम शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या contact@indostarcapital.com पर ईमेल भेज सकते हैं। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट (www.indostarcapital.com) पर भी उपलब्ध है।

Date : 19.10.2026

इंडोस्टार कॅपिटल फायनान्स लिमिटेड
हस्ताक्षर
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-ए - ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना

ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना ई-नीलामी-वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित)

रजि. कार्यालयः- 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोनः-011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः-www.pnbhousing.com

शाखा का पताः प्लॉट नंबर 286, दूसरी मंजिल, शॉपिंग सेंटर, लाला लाजपत राय मार्ग, गुमानपुरा, कोटा-324006, राजस्थान।

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में दर्शाए गए उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटीकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां) जो सुरक्षित ऋणदाता के बंधक रखी गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा (जैसा कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) ले लिया गया है, उसे नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार **"जहां है जैसा है, जो है जैसा है और जो भी है के आधार पर"** बेचा जाएगा। एतद्द्वारा, संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, समनुदेशिती(ओं) को सूचित किया जाता है, जैसा भी मामला हो, जैसा कि प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के संशोधित नियम-8(6) और 9 के अंतर्गत कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋण संख्या का नाम उधारकर्ता/सह- उधारकर्ता/गारंटर / कानूनी उत्तराधिकारी(ए)	मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियाँ का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (10% का आरपी) (एफ)	बोली जमा करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि मानसिक दर (एच)	निरीक्षण दिनांक और समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	एनोज्न एनकम ब्रैंस कोर्ट केस, यदि कोई हो (के)
NHL/RSIK/0824/5058123, स्वर्गीय लुकेश कुमावत के कानूनी उत्तराधिकारी / मेवा कुमारी, बी.ओ. : - रोशनी सीकर	रु. 673219.82 और 06.11.25	भौतिक	पट्टा क्रमांक 85, संकल्प क्रमांक 05, ग्राम पंचायत गोवटी तहसील दांता, सीकर, राजस्थान, 332402	रु. 655000	रु. 65000	19.11.26	रु. 10,000	01-11-26, 10:00 एएम से 5:30 पीएम	20.11.26 02.00 पीएम से 03.00 पीएम	*शून्य/ज्ञात नहीं

18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ जैसा लागू हो, भुगतान और/या उसकी वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त उल्लेखित अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कॉलम संख्या-के में बताए गए को छोड़कर कोई अन्य बाधा/दावा नहीं है। सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपनी ओर से पूरा किया/भुगतान किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लेखित बाधाओं की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं। (1.) आज तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को बेचने, अलग करने और/या निपटाने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लेखित है। (2.) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कॉलम संख्या-के में बताई गई कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में दलील का निरीक्षण कर सकते हैं। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी मामलों में खुद को संतुष्ट करते हैं। बोली लगाने वालों को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करना होगा। (3.) कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (इसमें शामिल है) बयाना राशि का) उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोली लगाने वालों) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टिकरण पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता को बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और ऐसी जमा राशि में चूक होने पर, अधिकृत अधिकारी बिक्री का आंशिक भुगतान जब्त कर लेगा। बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लेखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर प्रतिफल राशि और संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फिर से बेचा जाएगा। (4.) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के संचालन में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में है। वेबसाइट - www.bankeauctions.com संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको **श्री पुष्पेंद्र सिंह एवं टोल फ्री नंबर -1800120 8800, ई-मेलः auction@pnbhousing.com के साथ समन्वय करना होगा, जो पीएनबीएचएफएल का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।**

स्थानः- रोशनी सीकर, दिनांकः- 17.10.2026 — अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय नरेश कुमार का मकान, नानी गेट के बाहर, सालासर बस स्टैण्ड, सीकर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com